DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

समाज में महिलाओं की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण : डंगवाल

■ कुलपति ने महिला कर्मियों के साथ किया संवाद

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने विश्वविद्यालय की महिला कर्मियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया और महिलाओं के अधिकारों, दायित्व और उनके विकास पर संवाद किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि महिला समाज के निर्माण की महत्वपूर्ण धूरी है। किसी भी संस्थान में हमारा दायित्व पुरुषों की तुलना में कहीं भी कमतर नहीं है। इसलिए हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ दाचित्वों का निर्वहन बड़ी जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए।

कुलपति ने कहा कि कभी-कभी हमें लगता है कि हम पुरुष सहकर्मियों के मुकाबले शायद कम सक्षम है, क्योंकि हम परिवार और समाज में अलग जिम्मेदारियां को प्रस्तुत करते हैं। लेकिन ऐसा सोचना बिल्कुल भ्रामक है, क्योंकि महिलाएं हर दृष्टि से पुरुषों के बराबर ही सक्षम है। यह हमारी कई बहनों और बेटियों ने कर दिखाया है, इसलिए हमें अपनी बहुमुखी प्रतिभा को और सक्षमता को समझ कर दैनिक जीवन में अपना व्यवहार करना होगा।

कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

इस मौके पर सभी महिला कर्मियों ने कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल से अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति को अपने बीच देखकर सफाई कर्मी उर्मिला ने कहा कि यह अत्यंत हर्षित करने वाला फल है कि महिला दिवस पर हमको सम्मानित किया गया है। सविता ने कहा कि हमारी कुलपति जो स्वयं एक सशक्त महिला का उदाहरण समाज के लिए हैं, वह हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। छात्रावास की पीआरडी सुरक्षा कर्मी शशि ने कहा कि कुलपति प्रत्येक कर्मी की समस्याओं के प्रति सदैव संवेदनशील रहती है। छात्रावास केयरटेकर रुचि ने कहा कि हमारी कुलपति हमेशा हम लोगों की निजी समस्याओं के प्रति भी संवेदनशील है और हम सब का बहुत ख्याल रखती हैं।

इस अवसर पर छात्रावास वार्डन डा.दीपिका भाटिया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर एचसी पुरोहित, प्रोफेसर हर्ष डोभाल, विपिन नैथानी, विवि सुरक्षा सुपरवाइजर हरेंद्र सिंह रावत, लक्ष्मी नैथानी, लक्ष्मी निषाद आदि मौजूद थे।

News paper – Rastriya Sahara
Date – 09.03.2024